# NYC VOTES प्रारंभिक चुनाव **पार्टनर टूलकिट**

न्यूयॉर्क शहर के 2025 जून में आयोजित होने वाले प्रारंभिक चुनाव के बारे में जागरूकता बढ़ाएँ!












[ग्राफ़िक्स यहाँ डाउनलोड करें]

## पृष्ठभूमि की जानकारी

- 24 जून को प्रारंभिक चुनाव का आयोजन किया जाएगा। जल्दी मतदान 14 जून से 22 जून तक आयोजित किया जाएगा।
- वे पंजीकृत न्यूयॉर्क शहर निवासी जो 14 जून तक उस राजनीतिक दल से संबद्ध हैं, जो प्रारंभिक चुनाव में भाग ले रहा है, इस चुनाव में मतदान करने के पात्र हैं।
- इस चुनाव में इन शहरव्यापी पदों के लिए प्रत्याशियों की रैंकिंग के आधार पर मतदान का उपयोग किया जाएगा: मेयर, सार्वजनिक अधिवक्ता, कॉम्प्ट्रोलर, बरो अध्यक्ष, और नगर परिषद।

## 2025 न्यूयॉर्क सिटी बहस

- NYC में बहस हर चार साल में इन शहरव्यापी पदों के लिए चुनावों के साथ होती है: मेयर कॉम्प्ट्रोलर और सार्वजनिक अधिवक्ता।
- यह बहस महत्वपूर्ण मुद्दों पर उम्मीदवारों की राय को जानने और उम्मीदवारों को एक-दूसरे से बात करते सुनने का एक मौका देती है।
- nycvotes.org/debates/hi पर 2025 NYC बहस की समय सारिणी देखें। सभी बहस ऑनलाइन स्ट्रीम हो सकती हैं, बिना सब्सक्रिप्शन की ज़रूरत के।

## मैं किस पद के लिए मतदान कर रहा/रही हूँ?

- मेयर
- सार्वजनिक अधिवक्ता
- कॉम्प्ट्रोलर
- बरो अध्यक्ष
- नगर परिषद
- डिस्ट्रिक्ट एटर्नी
- सुप्रीम कोर्ट और सिविल कोर्ट जज

आपके मतपत्र पर विशिष्ट पद इस बात पर निर्भर करता है कि आप कहाँ रहते हैं और आप किस राजनीतिक दल से संबंधित हैं।

## महत्वपूर्ण तिथियाँ

- 9 जून: अपने वोटर पंजीकरण पर पता बदलने की अंतिम तिथि
- 14 जून: वोटर पंजीकरण की अंतिम तिथि
- 14 जून: डाक द्वारा मतदान के लिए मतपत्र की माँग करने (ऑनलाइन/डाक द्वारा) और वोट करने के लिए पंजीकरण करने का आखिरी दिन
- **14 जून से 22 जून: जल्दी मतदान**
- 23 जून: व्यक्तिगत रूप से चुनाव बोर्ड में डाक द्वारा मतदान के लिए मतपत्र की माँग करने का आखिरी दिन
- 24 जून: डाक द्वारा या अपने मतदान स्थल पर अपना डाक द्वारा मतदान का मतपत्र जमा करने का आखिरी दिन
- **24 जून: प्रारंभिक चुनाव का दिन**

**nycvotes.org/hi पर वोट करने की योजना बनाएँ!**

- डाक द्वारा या व्यक्तिगत रूप से वोट करना सीखें।
- NYC की आधिकारिक मतदाता मार्गदर्शिका में उम्मीदवारों से मिलें।
- अपने निर्धारित जल्दी मतदान और मतदान के दिन के मतदान स्थल खोजें।

## प्रत्याशियों की रैंकिंग के आधार पर मतदान

<table>
<tr>
<td>








</td>
<td>
ऑल्ट टेक्स्ट<br><br>
ग्राफ़िक 1: प्रत्याशियों की रैंकिंग के आधार पर मतदान क्या होता है?<br><br>
ग्राफ़िक 2: शहर के पदों के लिए प्रारंभिक और विशेष चुनावों में आप केवल 1 के बदले 5 तक उम्मीदवारों को अपनी पसंद के क्रम में रैंक दे सकते हैं।<br><br>
ग्राफ़िक 3: इस जून आप मेयर, सार्वजनिक अधिवक्ता, कॉम्प्ट्रोलर, बरो अध्यक्ष और नगर परिषद के लिए अपने चयनों के लिए प्रत्याशियों की रैंकिंग के आधार पर मतदान का उपयोग करेंगे।<br><br>
ग्राफ़िक 4: अपना प्रत्याशियों की रैंकिंग के आधार पर मतदान का मतपत्र भरने के लिए अपनी पहली पसंद चुनें और पहले कॉलम में उनके नाम के पास दिए हुए गोल घेरे को पूरी तरह से भर दें। फिर अधिकतम 5 उम्मीदवारों को रैंक दें।
</td>
</tr>
</table>

| | |
|---|---|
| <br><br>[ग्राफ़िक्स यहाँ डाउनलोड करें]() | **ग्राफ़िक 5:** अधिक विकल्प, अधिक ताकत। nycvotes.org/hi पर मतपत्र भरने का अभ्यास करें। |

### सोशल मीडिया कैप्शन के सुझाव

- इस साल जून में प्रारंभिक चुनाव में न्यूयॉर्क निवासी मेयर, सार्वजनिक अधिवक्ता, कॉम्पट्रोलर, बरो अध्यक्ष और नगर परिषद के लिए प्रत्याशियों की रैंकिंग के आधार पर मतदान करेंगे। nycvotes.org/rcv/hi पर और जानें
- अधिक विकल्प, अधिक ताकत। @nycvotes के साथ 24 जून को प्रारंभिक चुनाव से पहले प्रत्याशियों की रैंकिंग के आधार पर मतदान का उपयोग करना सीखें।
- इस साल जून में NYC नगर के उम्मीदवारों के लिए प्रत्याशियों की रैंकिंग के आधार पर मतदान करेगा। इसका मतलब है आप केवल एक उम्मीदवार को चुनने के बजाए, अपनी पसंद के क्रम में पाँच तक उम्मीदवारों को रैंक दे सकते हैं! nycvotes.org/rcv/hi पर और जानें
- प्रत्याशियों की रैंकिंग के आधार पर मतदान का अभ्यास करना चाहते हैं? nycvotes.org/rcv/hi पर एक अभ्यास मतपत्र आज़माएँ।

### तिथियाँ और अंतिम तिथि

| | |
|---|---|
| <br><br>[ग्राफ़िक्स यहाँ डाउनलोड करें]() | **ऑल्ट टेक्स्ट**<br><br>चुनाव की तिथियाँ और अंतिम तिथियाँ। 14 जून डाक द्वारा मतदान के लिए मतपत्र की माँग करने की अंतिम तिथि है। 14 जून वोटर पंजीकरण की अंतिम तिथि है। जल्दी मतदान 14 जून से 22 जून तक आयोजित किया जाएगा। 24 जून प्रारंभिक चुनाव का दिन है। मतदान सुबह 6 बजे से रात 9 बजे तक खुला है। |

## सोशल मीडिया कैप्शन के सुझाव

- NYC के जून के प्रारंभिक चुनाव में वोट करने के लिए तैयार हो जाएँ। @nycvotes के साथ मतदान की योजना बनाएँ।

- क्या आप NYC के जून में आयोजित प्रारंभिक चुनाव में वोट करने वाले हैं? इन तिथियों को सेव कर लें।
  14 जून: डाक द्वारा मतदान के लिए मतपत्र की माँग करने की अंतिम तिथि
  14 जून: वोटर पंजीकरण की अंतिम तिथि
  14 जून से 22 जून: जल्दी मतदान
  24 जून: चुनाव का दिन

- NYC के प्रारंभिक चुनाव के लिए वोटर पंजीकरण की अंतिम तिथि 14 जून है! https://nycvotes.turbovote.org पर अपने प्राथमिक चुनाव में मतदान करने के लिए किसी राजनीतिक दल के साथ पंजीकरण करें।

## हम किस लिए वोट कर रहे हैं?

| | |
|---|---|
|  <br><br>ग्राफ़िक्स यहाँ डाउनलोड करें | **ऑल्ट टेक्स्ट**<br><br>NYC के 2025 के प्रारंभिक चुनाव में मतपत्र पर क्या है? मेयर, सार्वजनिक अधिवक्ता, कॉम्पट्रोलर, बरो अध्यक्ष, नगर परिषद, डिस्ट्रिक्ट एटर्नी, सुप्रीम कोर्ट और सिविल कोर्ट जज। 24 जून को प्रारंभिक चुनाव का आयोजन किया जाएगा। जल्दी मतदान 14 जून से 22 जून तक होगा। |

## सोशल मीडिया कैप्शन के सुझाव

- इस जून में हम मेयर और एक से अधिक सिटी पदों के लिए वोट कर रहे हैं। nycvotes.org/hi पर अपने मतपत्र पर मौजूद उम्मीदवारों से मिलें।
- NYC के जून के प्रारंभिक चुनाव में हम मेयर और नगर परिषद सहित नगर व्यापी पदों के लिए वोट कर रहे हैं। न्यूयॉर्कवासी के तौर पर गर्व से वोट दें। @nycvotes के साथ मतदान की योजना बनाएँ।

### जल्दी मतदान का समय




[ग्राफ़िक्स यहाँ डाउनलोड करें]

**ऑल्ट टेक्स्ट**

शनिवार, 14 जून सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक
रविवार, 15 जून सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक
सोमवार, 16 जून सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक
मंगलवार, 17 जून सुबह 10 बजे से रात 8 बजे तक
बुधवार, 18 जून सुबह 10 बजे से रात 8 बजे तक
गुरुवार, 19 जून सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक
शुक्रवार, 20 जून सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक
शनिवार, 21 जून सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक
रविवार, 22 जून सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक

### सोशल मीडिया कैप्शन के सुझाव

- चुनाव के दिन तक इंतज़ार न करें! NYC के प्रारंभिक चुनाव में जल्दी वोट दें! nycvotes.org/hi पर अपना निर्दिष्ट मतदान स्थल खोजें।

- जल्दी मतदान के लिए मतदान स्थल 14 जून से 22 जून तक खुले हैं। आपका निर्दिष्ट जल्दी मतदान स्थल अपने चुनाव के दिन आप जहाँ वोट करेंगे उससे अलग हो सकता है। nycvotes.org/pollsite पर अपना मतदान स्थल खोजें।

### आज चुनाव का दिन है




[ग्राफ़िक्स यहाँ डाउनलोड करें]

**ऑल्ट टेक्स्ट**

आज प्रारंभिक चुनाव का दिन है! मतदान सुबह 6 बजे से रात 9 बजे तक खुला है। मेयर, नगर परिषद और अधिक के लिए वोट करें। nycvotes.org/hi पर उम्मीदवारों से मिलें और अपना मतदान स्थल खोजें।

**सोशल मीडिया कैप्शन के सुझाव**

- NYC में आज प्रारंभिक चुनाव का दिन है! मेयर, नगर परिषद और अधिक के लिए वोट करें। मतदान सुबह 6 बजे से रात 9 बजे तक खुला है।
- nycvotes.org/hi पर शहर के पदों के लिए उम्मीदवारों से मिलें और अपना मतदान स्थल खोजें।
- न्यूयॉर्कवासी के तौर पर गर्व से वोट दें। @nycvotes के साथ उम्मीदवारों से मिलें और अपना मतदान स्थल खोजें।